हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 13 नवंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 20.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

चार सूत्रीय मांगों का लेकर समिति कर्मचारी कर रहे आंदोलन

4



## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च कल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग नवा रायपुर अटल नगर से सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वीं जयंती के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने, एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए यूनिटी मार्च के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जाना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 नवम्बर 2025 को यूनिटी मार्च का आयोजन बन्दचुआं चौक से प्रातः 10. 00 बजे प्रारंभ होकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दोकड़ा तक पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा के आयोजन हेतु कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित विभागों को विभिन्न दायित्व सौंपा हैं।

### पात्र अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा 20 एवं 21 को

जशपुरनगर। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई, शासकीय बाल देखरेख सम्प्रेक्षण गृह एवं चाइल्ड हेल्प लाईन में एकमुश्त संविदा वेतन पर भर्ती के संबंध में दावा आपत्ति का प्रकाशन करते हुए अभ्यावेदन आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची, अंतिम पात्रता सूची, दावा-आपत्ति निराकरण सूची तथा पात्र अभ्यर्थीयों की वरीयता सूची प्रकाशन किया गया है। पात्र अभ्यर्थियों हेतु कौशल परीक्षा का आयोजना 20 एवं 21 नवम्बर 2025 को किया गया है। परीक्षा हेतु स्थान व समय की सूचना पृथक से दिया जायेगा। प्रकाशित सूची जिले के वेबसाईट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### स्वाध्यायी परीक्षार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन 15 तक

**अम्बिकापुर।** एसजीजीयू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन तिथि को बढ़ा दी है। पूर्व में विवि के वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन की तिथि 11 नवम्बर तक निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 15 नवम्बर कर दिया गया है। विवि ने छात्र हित में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षा के ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि भी बढ़ा दी है। परीक्षार्थी अब 11 नवम्बर के बजाय 15 नवम्बर तक पोर्टल पर ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे।

### चार पुलिसकर्मी किए गए लाइन अटैच

**अंबिकापुर।** बलरामपुर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए संदेही की मौत के मामले में आईजी ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में आईजी ने चार पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। बड़ी बात यह है कि मंगलवार को पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ मृतक के परिजन ने आईजी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर मृतक उमेश सिंह को घर से उठाकर ले जाने और बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया था। परिजन का कहना था कि उमेश सिंह की पिटाई की गई जिससे उसकी मौत हुई और मौत के बाद शव को देखने तक नहीं दिया गया। परिजन लगातार इस मामले में दोषियों पर एफआईआर और निलंबन की मांग कर रहे थे। ऐसे में आईजी दीपक झा ने भी उन्हें अपने स्तर पर जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस बीच देर शाम आईजी ने पुलिस हिरासत में उमेश सिंह की मौत के मामले में साइबर सेल से निरीक्षक हिम्मत सिंह शेखावत, बलरामपुर थाना से सउनि राधेश्याम विश्वकर्मा, साइबर सेल से आरक्षक आकाश तिवारी, व महिला आरक्षक माधुरी कुजूर को तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र अटैच कर दिया है।

### चार साल की नातिन गंभीर रूप से घायल

# कांसाबेल के केनाडांड़ गांव में हाथी का हमला, 57 वर्षीय महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जिले में एक बार फिर जंगल से मौत निकली और सीधे गांव तक आ पहुँची। बुधवार की सुबह सूरज उगने से पहले ही कांसाबेल वन परिक्षेत्र के केनाडांड़ गांव में एक अकेले जंगली हाथी ने घर के पीछे बाड़ी में मौजूद महिला और उसकी नातिन पर हमला कर दिया। इस हमले में 57 वर्षीय देरोठिया बाई पत्नी पतराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार वर्षीय आरवी पन्ना गंभीर रूप से घायल हो गई।

■ गांव में मातम और दहशत, वन विभाग ने जारी की चेतावनी

गांव के लोगों के अनुसार घटना बुधवार की सुबह करीब 5:30 बजे की है।देरोठिया बाई रोज की तरह अपनी नातिन के साथ घर के पीछे स्थित बाड़ी में गई थीं। वहां पास के जंगल से एक हाथी कई दिनों से घूमता दिख रहा था।ग्रामीण बताते हैं कि देरोठिया बाई ने झाड़ियों की तरफ देखा, तभी अचानक झाड़ियों के भीतर से हाथी निकला और हमला कर दिया। वह कुछ समझ भी नहीं पाईं। हाथी ने सूंड़ से महिला को उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया और पैर से रौंद दिया। देरोठिया बाई की मौके पर ही मौत हो गई।बगल में मौजूद नातिन आरवी पन्ना बुरी तरह घायल हो गई, जिसे ग्रामीणों ने किसी तरह बचाया।चार वर्षीय आरवी पन्ना को तत्काल पत्थलगांव सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची के पैर में फ्रेक्चर है और शरीर पर कई चोटें हैं।अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि उसकी हालत अब स्थिर है।

### 27 हाथियों के दल से बिछड़ा है हाथी

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह हाथी करीब 27 हाथियों के दल से बिछड़कर अकेला घूम रहा है। ऐसे हाथियों को "लोन टस्कर" कहा जाता है ये अकेले रहते हैं और ज्यादा आक्रामक स्वभाव के होते हैं। विभाग का कहना है कि यह हाथी पिछले 10 दिनों से फरसाबहार, बगीचा और कांसाबेल के जंगलों के बीच घूम रहा था। मंगलवार की रात इसे केनाडांड़ गांव के पास देखा गया था। इसके मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है।वन विभाग ने कहा कि इस हाथी को "कैंपिंग टीम" के जरिए ट्रैक किया जा रहा है, और जरूरत पड़ने पर रेंजर स्तर की विशेष टीम को बुलाया जाएगा।

### परिजन को दिया तत्कालिक सहायता

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। परिजनों को 25,000 की तत्काल राहत सहायता दी गई।डीएफओ शशि कुमार ने कहा कि राज्य शासन की मुआवजा योजना के तहत पूर्ण आर्थिक सहायता शीघ्र प्रदान की जाएगी। वन विभाग ने आसपास के सभी गांवों बस्तियों में चेतावनी जारी की है कि रात के समय खेतों में न जाएं,हाथियों को भगाने या पास जाने की कोशिश न करें,अलाव और टॉर्च से सावधानीपूर्वक दूरी बनाकर रखें।

## कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन आघात" में एक और सफलता दर्ज की है। थाना कुनकुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मामला थाना कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आजाद मोहल्ला कुनकुरी निवासी जुगू (40 वर्ष) सफेद रंग की प्लास्टिक की जरकिन में कच्ची महुआ शराब भरकर गड़ाकाटा की ओर बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई। गड़ाकाटा के पास पुलिस को मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति दिखा। पुलिस ने संदिग्ध को रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जुगू पिता निवासी आजाद मोहल्ला, कुनकुरी बताया। झोले की तलाशी में प्लास्टिक की सफेद जरकिन में भरी हुई 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। जब आरोपी से शराब रखने व बिक्री के संबंध में दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने कच्ची महुआ शराब सहित जरकिन को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद थाना कुनकुरी में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि कुनकुरी क्षेत्र में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जशपुर पुलिस का 'ऑपरेशन आघात'लगातार जारी है। अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खेल हमें सिखाता है संयम और अनुशासन



**जशपुरनगर।** एकदिवसीय विकासखण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आज बगीचा हाईस्कूल खेल ग्राउंड में आयोजित किया गया। सांसद खेल महोत्सव में सामूहिक तथा व्यक्तिगत खेलों में बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। सामुहिक खेलो में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, फुगड़ी, कबड्डी, खो-खो, बॉलीबाल, गेड़ी दौड़ और रस्साकस्सी विकासखंड स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें 52 संकुल से 10 जोन के खिलाड़ी शामिल हुए।

■ सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए 10 जोन के खिलाड़ी

खेल के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश कबड्डी के मैदान में खुद ही उतर गई और अपने शानदार खेल से टीम को जीत भी दिलाई जिससे खिलाड़ियों में उत्साह बना रहा। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल का हमारे जीवन में अहम योगदान है। जो हमे संयम, अनुशासन, स्वस्थ जीवन और अपने लक्ष्य में आगे बढ़ने के लिए दिशा प्रदान करता है। इसलिये हमे पढ़ाई के साथ साथ अपने जीवन मे खेल को भी महत्व देना चाहिए।जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि हमे खेल को खिलाड़ी भावना के साथ खेलना चाहिए हार जीत लगी रहती है। जब कोई हारेगा नही तो कोई जीतेगा कैसे इसलिये खेल में दोनो टीमों का योगदान होता है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, बीडीसी सु सविता नागेश, ललित नागेश की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### शहर के बीच चल रहा था देह व्यापार एक महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर में देह व्यापार के रैकेट का खुलासा हुआ है। महिला थाना पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई के दौरान लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। घटना स्थल से पुलिस को बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि शहर में पुलिस को लम्बे समय से शहर में देह व्यापार के अवैध कारोबार की सूचना मिली रही थी। महिला अपने घर में बाहर से युवतियां बुलवाकर लोगों से पैसे लेकर वेश्यावृत्ति करवा रही थी। सूचना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घर में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान उक्त घर से पुलिस ने संदिग्ध हालत में युवक-युवतियों को पकड़ा।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती, मोबाइल पर वर्चुअल शादी, फिर किया ब्लैकमेल, अब पहुंचा जेल



**जशपुरनगर।** सोशल मीडिया पर शुरू हुई वर्चुअल मोहब्बत ने एक नाबालिग की ज़िंदगी को नर्क बना दिया। बिहार का युवक कुंदन राज मोबाइल पर एक नाबालिग से दोस्ती कर न सिर्फ़ वीडियो कॉल के जरिए शादी रचाई, बल्कि सुहागरात के नाम पर उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। यही नहीं, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने अपनी जगह दोस्त दिलीप चौहान को भेज दिया ताकि उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए जा सके। अब जशपुर पुलिस ने फरार आरोपी दिलीप चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

■ दुलदुला थाना क्षेत्र का सनसनीखेज मामला जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार आरोपी गिरफ्तार

थाना दुलदुला क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग ने वर्ष 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में कुंदन राज नामक युवक, जो पटना, बिहार का रहने वाला है, ने मोबाइल पर उससे बातचीत शुरू की थी। लड़की के इनकार करने पर आरोपी ने अपना हाथ काटने का फोटो भेजकर उसे भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया। धीरे-धीरे बातचीत वीडियो कॉल तक पहुंची और आरोपी ने मोबाइल पर ही शादी का नाटक रचा। इसके बाद सुहागरात के नाम पर वीडियो कॉल के दौरान अश्लील वीडियो बना ली और फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसकी बड़ी बहन को भी वह वीडियो भेज दिया। कुंदन राज ने कहा कि वह दूर है, इसलिए अपनी जगह अपने दोस्त को सुहागरात मनाने भेज रहा है। इसी बहाने उसने अपने साथी दिलीप चौहान को भेजा, जिसने फर्जी नाम "दीपक यादव"बताकर पीड़िता से दुष्कर्म किया और यह सब कुंदन राज वीडियो कॉल पर देखता रहा। दुलदुला पुलिस ने वर्ष 2022 में ही आरोपी कुंदन राज को पटना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन उसका साथी दिलीप चौहान घटना के बाद से फरार था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस की टीम ने टेक्निकल और मुखबिर सूचना के आधार पर लगातार दबिश दी।

## जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव 15 को रणजीता स्टेडियम में



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली और केंद्र शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के लिए यह योजना बेहद लाभदायक है। कलेक्टर ने जशपुर में कड़ाके के ठंड को देखते हुए नगरी निकाय और सभी सार्वजनिक जगहों बस स्टैंड,आश्रय स्थल के पास अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

■ मुख्यमंत्री जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करें अधिकारी

उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा करमा महोत्सव के स्थान पर उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त महोत्सव के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। जिसके तहत दिनांक 3 नवम्बर तक को ग्राम पंचायत स्तर पर 4 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तर 5 नवम्बर को जिला स्तर पर 15 नवंबर को रणजीता स्टेडियम में जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव-2025 का आयोजन किया जाना है। पंचायत स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर लोक नृत्य महोत्सव आयोजित कर प्रति विकासखण्ड 02 लोक नृत्य दल चयन कर आगामी 15 नवम्बर को रणजीता स्टेडियम में जिला स्तरीय जनजाति लोक नृत्य महोत्सव में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया गया है। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजाति लोक नृत्य महोत्सव में प्रत्येक चयनित दलों को प्रथम पुरस्कार 50 हजार द्वितीय पुरस्कार 25 हजार और तृतीय पुरस्कार 15 हजार दिया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर चयनित नृत्य दलों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपए द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रुपए और तृतीय पुरस्कार 50 हजार का रखा गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### टीकाकरण के बाद दो माह के मासूम की मौत परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

**राजपुर।** स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण के बाद दो माह के मासूम की मौत का मामला सामने आया है। टीका लगने के कुछ घंटे बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजा की मांग की है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम ओकरा निवासी जगदीश कौशिक के दो माह एक बच्चे का 7 नवंबर को टीकाकरण किया गया था। टीका लगने के कुछ घंटे बाद ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन वहां कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। इलाज के अभाव में परिजन बच्चे को वापस घर ले आए जहां अगली सुबह उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## 59 समूह को 1 करोड़ से अधिक फ्रेश व रिन्यूअल लोन स्वीकृत



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत जशपुर विकासखंड के बालाजी मंदिर के सामने मंगल भवन में मुद्रा एवं बैंक लिंकेज मेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजय, डीएलएम वॉलटर भेगरा, जिला पंचायत डीपीएम अमीन खा एवं संसाधन अखिल, विकासखंड परियोजना प्रबंधक संदीप बैक, एसी, पीआरपी वं सभी ब्रांच के शाखा प्रबंधक एवं विहान की 322 महिलाएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के तहत बैंक द्वारा 25 समूह को 37 लाख 50 हजार का फ्रेश लोन एवं 34 समूह को 1 करोड़ 2 लाख का रिन्यूअल लोन सहित कुल 59 समूह को 01 करोड़ 39 लाख 50 हजार का स्वीकृति प्रदान किया गया। साथ ही व्यक्तिगत रूप से 43 दीदी को मुद्रा लोन 53 लाख 80 हजार का स्वीकृति प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा चेक प्रदान किया गया एवं विहान की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के हेतु प्रेरित किया गया एवं बैंक मैनेजर के द्वारा समूह को वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी दिया गया।

■ जशपुर विकासखण्ड में मुद्रा एवं बैंक लिंकेज मेला का आयोजन

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

# युगल जोड़ी में विजेता बने धरमजयगढ़ के प्रशांत अलबिनुस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



इंडोर स्टेडियम में दो दिनों से चल रहा बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता का हुवा समापन फायनल मैच के लगातार तीन सेट में चले मैच में धरमजयगढ़ की युगल जोड़ी प्रशांत अलबिनुस की जोड़ी ने सीतापुर के निशांत एवं आर्यन की जोड़ी को हरा कर विजेता बने तीनो सेट बड़े ही रोमांचक रहे फायनल की तरह ही मैच देखने को मिला कभी भी कोई भी मैच जीत सकता था कि तरह मैच चलता रहा तीसरे सेट में धरमजयगढ़ की टीम ने वापसी करते हुए ट्राफी पे अपना कब्जा बनाया दो दिनों में कुल 32 टीम ने हिस्सा लिया था मंगलवार की रात को फाइनल मैच के विजेता टीम को पत्थलगांव प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि युवाओं को खेल में आगे रहना चाहिए अंत मे जीतता एक ही टीम है। हारने वाले को निराश नही होना चाहिए फिर से और मेहनत कर आगे बढ़ने की सोच कर खेलिये इन प्रतियोगिताओ के होने से जित के साथ खेल का नाम आगे बढ़ता है।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजक रिक्की राहुल कहा कि बैडमिंटन प्रतियोगिता कराने का मुख्य मकसद है कि हमारे क्षेत्र से भी अच्छे खिलाड़ी निखर कर आगे बढ़े दर्शकों के बीच मैच खेल कर खुद को मजबूत बनाये और ग्रामीण स्तर से आगे बढ़ते हुए बैडमिंटन में नाम कमाए। ललित यादव ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों को कहा कि ये खेल दिमाग के साथ ताकत का है। जो ज्यादा देर तक लड़ेगा वो विजेता बनता है। इसी तरह खेल भावना से बैडमिंटन खेल कर अपने खेल को आगे ले जाएं। इस पूरे बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से रिक्की राहुल, मोहन यादव, कमलेश, आलोक अग्रवाल ,गौरव अग्रवाल उदय, जानशन, हेमन्त, प्यारेलाल, दुर्गा ,राधे डहरिया, लालू, लछमण मिर्रे, अजय यादव, संजय यादव गुलशन सहित अन्य लोग शामिल रहे जिन्होंने दो दिनों तक प्रतियोगिता में अपना समय दिया

### अयोध्या धाम के लिए 204 श्रद्धालुओं का दल रवाना



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में श्रद्धालुओं प्रभु रामलला अयोध्या धाम के दर्शन का सिलसिल निरंतर जारी है। अब तक 2040 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों को रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना अंतर्गत 12 नवम्बर 2025 को यात्रा हेतु जिले से कुल-204 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। जिले के सभी विकास खंड के जनपद पंचायत कार्यालय और नगरीय निकाय से जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रवाना किए गए 204 श्रद्धालुओं में जशपुर विधानसभा से 64, कुनकुरी विधानसभा से 73 एवं पत्थलगांव विधानसभा से 67 श्रद्धालु शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### भैयाथान हनुमान मंदिर में हर माह के दूसरे शनिवार को होगा मासिक भंडारा

**भैयाथान।** हनुमान मंदिर भैयाथान में हनुमंत सेवा समिति द्वारा मासिक भंडारे की परंपरा शुरू की गई है। अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को सेवा-भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में शनिवार को राम जानकी मंदिर के समीप श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा भगवान हनुमान की भक्ति एवं समाज सेवा की भावना को समर्पित है। क्षेत्रवासियों से सहयोग और सहभागिता से यह धार्मिक सेवा निरंतर दो माह से सफलतापूर्वक चल रही है। इसी क्रम में आगामी भंडारा 13 दिसंबर को 1 बजे से मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लेने की बात कही।

### मंत्री राजवाड़े के जन्मदिन पर 60 परिवारों को वितरण किया कंबल



भैयाथान। विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विकासखंड भैयाथान के ग्राम पंचायत तरका के पंडो बस्ती में 60 परिवारों को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान मिष्ठान खिलाकर पंडो समाज के परिवार के साथ जन्मदिन मनाए। युवा मोर्चा के महामंत्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मंत्री का कहना है की हम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहते है। विष्णु का सुशासन है सभी पंडो समाज के परिवार ने मंत्री को अपना आशीर्वाद व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान ऋषभ अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, मयंक गुप्ता, हृदय सिंह, अखिलेश सिंह व सरपंच सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वन अमले को दिया गया बाघों की गणना का प्रशिक्षण




**अम्बिकापुर।** एलीफेंट रिजर्व एवं गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को वन्यप्राणी प्रभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अखिल भारतीय बाघ गणना का प्रशिक्षण एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर रमकोला में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डब्लूडब्लूएफ के सीनियर एग्जीक्यूटिव उपेन्द्र दुबे एवं एलीफेंट रिजर्व के मास्टर ट्रेनर विनय कुमार टण्डन ने अधिकारी -कर्मचारियों को मोबाइल से एप के माध्यम से बाघ गणना की वैज्ञानिक पद्वति बताई। इस दौरान एप के माध्यम से गणना के प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। सीसीएफ वाइल्डलाइफ व क्षेत्रीय संचालक एस.वेंकटाचलम, उप निदेशक, श्रीनिवास तेन्नेटी, एसबी पाण्डेय, बीएस भगत, वीबी केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन की टीम ने जब्त किया 250 बोरी अवैध धान



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सिरसी, तहसील भैयाथान में संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने रवि शंकर गुप्ता आ. त्रिवेणी गुप्ता के गोदाम में बिना वैध दस्तावेज के रखे गए 250 बोरा धान को जब्त किया है। धान खरीदी कॉन्टेक्ट हुए जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर निगरानी कड़ी की गई है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध धान की किसी भी गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी का पूरा लाभ मिल सके।

### ऑडिटोरियम भवन से चोरों ने पार किया 85 हजार कीमत का सामान

सूरजपुर। लोनिवि के उप अभियंता कल्याण सिंह पोर्ते ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गत दिन चौकी चार दिनेश बारला ने सूचना दिया कि ऑडिटोरियम भवन का ताला टूटा हुआ है। सूचना पर जब अधिकारी मौके पर जायजा लिया तो पता चला कि ऑडिटोरियम भवन से साउण्ड सिस्टम, मिक्सर मशीन,चैनल, एम्पलीफायर, विद्युत तार सहित अन्य सामान गायब थे। लोनिवि के उप अभियंता कल्याण सिंह पोर्ते के मुताबिक चोरों ने भवन से लगभग 85 हजार कीमत से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

भगवानपुर खुर्द तालाब के समीप कर रहा था ग्राहक का इंतजार

# नशीले इंजेक्शन का एक और सप्लायर चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता टीम के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा संभाग में नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। संभागीय उड़नदस्ता की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे नशीले इंजेक्शन के सप्लायर को पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 42 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी युवक को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**
- टीम ने जब्त किया 42 हजार कीमत के नशीला इंजेक्शन

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भगवानपुर खुर्द तालाब के पास एक युवक बड़ी संख्या में इंजेक्शन सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ भगवानपुर खुर्द आदिवासी पारा तालाब के आसपास घेराबंदी दी। इसी बीच संदिग्ध होत में तालाब के समीप मौजूद युवक को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ किया तो युवक ने अपना नाम अनीश तिग्गा बताया। उड़नदस्ता की टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास रखे थैले से 42 हजार कीमत के 84 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। उड़न दस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त का युवक को गिरफ्तार कर लिया। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।



नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक।

**दो दिन के भीतर दो कार्रवाई**

संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में न सिर्फ नशीले इंजेक्शन सहित टेबलेट के कारोबारियों के विरुद्ध धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है। गत दिन उड़नदस्ता की टीम ने शहर के मौलीबांध में नशीले इंजेक्शन खपाने के फिराक में घूम रहे एक युवक को पकड़ा था। वहीं आज दूसरे दिन पुनः संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने भगवानपुर खुर्द तालाब के समीप एक और युवक को पकड़ कर उसके पास से 42 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन बरामद किया। दो दिन के भीतर दो कार्रवाई करने से नशा के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**लगातार की जाएगी कार्रवाई**

संभागीय उड़न दस्ता की टीम न कुछ महीने के भीतर ही नशीले इंजेक्शन व टेबलेट बिक्री करने वालों के विरूद्ध 25 कार्रवाई की गई है। इस कारोबार से जुड़े कई कारोबारी जेल में है जो बाहर है उनकी तलाश जारी है। जल्द ही अन्य नशे के कारोबारियों को पकड़ लिया जाएगा।

- रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

## करंजी रेलवे कोल साइडिंग की अव्यवस्था पर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करंजी रेलवे साइडिंग क्षेत्र में कोयला परिवहन और लोडिंग-अनलोडिंग से उपजा प्रदूषण ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ रहा है,गांव में चारों ओर उड़ती कोयले की धूल, टूटे रास्ते और दिन-रात गर्जन करते भारी वाहनों के कारण ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है,इन सबके खिलाफ राज्य बाल संरक्षण समिति के सदस्य सत्यनारायण जायसवाल ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था को सुचारू करने मांग की है।

- झुमर पारा स्थित जर्जर सड़क को शीघ्र मरम्मत कराने, की मांग

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम करंजी के रेलवे साइडिंग क्षेत्र में लम्बे समय से कोयले की लोडिंग-अनलोडिंग जारी है,आसपास की कई खदानों से कोयला बडे-बड़े ट्रक और ट्रालों के जरिए लाया जाता है, जो झूमरपारा रोड से होकर गुजरते हैं,इस निरंतर हो रही भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह से टूटकर जर्जर को चुकी है,अब हाल यह है कि सड़क पर बने बड़े गड्ढों में बारिश के जलभराव होने से छोटे तालाबनुमा आकार की जगह बन जाती है,जबकि गर्मियों में धूल के गुब्बारे बनकर उड़ते हैं,इस मार्ग से रोजाना विद्यालयीन समय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं, ट्रकों की तेज रफ्तार और उठती धूल बच्चों के लिए दोहरा खतरा बन गई है,सत्यनारायण जायसवाल ने ज्ञापन में चेताया है कि यदि इसी तरह लापरवाही जारी रही तो किसी दिन बड़ा हादसा होना निश्चित प्रतीत होता है,प्रशासन को तुरंत रोड की मरम्मत और ट्रकों के संचालन पर नियंत्रण लगाना चाहिए,गौरतलब है कि कोयला साइडिंग पर लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान उड़ने वाली कोयले की धूल से कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ, खांसी और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ रही हैं,कोल साइडिंग में न तो पानी का छिड़काव होता है,न प्रदूषण नियंत्रण की कोई व्यवस्था किया गया है,ज्ञापन में मांग किया गया है कि झूमरपारा रोड की तत्काल मरम्मत की जाए,कोयला परिवहन के दौरान नियमित पानी का छिड़काव हो,साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपाय किए जाएं और स्कूल समय में ट्रकों के संचालन पर रोक लगाई जाए।



## संस्था में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इंजीनियरिंग कॉलेज का वार्षिकोत्सव पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल , युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के आतिथ्य एवं सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में मंगलवार को मनाया गया। समारोह में प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने संस्था का नाम परिवर्तन करने पर अतिथियों का आभार जताया साथ ही सरगुजा संभाग का एकमात्र इंजीनियरिंग कॉलेज होने के कारण छात्रहित में इसे छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बनाने का आग्रह किया।

पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने कॉलेज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं को सही राह पर चलने और विकसित भारत बनाने के संकल्पना को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। सांसद चिंतामणि महाराज ने छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग कर देश एवं समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया तथा रामायण के प्रसंगों के माध्यम से समय की उपयोगिता के बारे में बताया। अतिथियों ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सम्मानित किया। अंत में सभी ने परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में ब्रम्हाकुमारी विद्या दीदी ने तनाव दूर करने के उपाय वही उपनिरीक्षक अभय तिवारी ने यातायात नियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम दीवान तथा आभार प्रदर्शन डॉ.एच चंद्रा ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## नगर पंचायत कार्यालय में प्रेमनगर विधायक की उपस्थिति में परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में आज मंगलवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में परिषद की बैठक आहूत की गई,बैठक में 19 एजेंडे पर चर्चा उपरांत समय पर निर्माण कार्य न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

- 19 एजेंडों में चर्चा उपरान्त निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं करने पर पर सम्बंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव हुआ पारित




गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में मंगलवार को परिषद की बैठक हुई,बैठक में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों से नगर पंचायत के आय में बढ़ोतरी हेतु सुझाव लेकर कार्य को आगे बढ़ाने पर जोर दिया,यहां पर प्रेमनगर विधायक ने नपं में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए समय पर कार्यों के पूर्ण न होने पर चिंता जताते हुए ठेकेदारों से समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं,साथ ही समय पर कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की बात कही गई है,यहां पर पार्षदों द्वारा बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर कोल परिवहन कार्य में लगे भारी भरकम वाहनों के चलने से कालोनीवासियों को हो रहे दिक्कतों से निजात दिलाए जाने की मांग कर अन्यत्र मार्ग से कोल परिवहन कराए जाने की बात प्रेमनगर विधायक से की गई,जिस पर प्रेमनगर विधायक ने कलेक्टर से इस मामले में चर्चा करने का आश्वासन दिया है।बैठक में छठ घाट के सौंदर्यीकरण कार्य रिवाइज स्टीमेट की स्वीकृति समेत कर्मचारियों के संबंध में, नल जल योजना, सड़क स्विमिंग मशीन के संबंध में,झुग्गी बस्ती में सोलर लाइट व सोलर पंप स्थापना कराने जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया है,इसके अलावा व्यवसायिक परिसर की एक दूकान के निविदा होने के बाद भी आबँटन नहीं हो पाने का मुद्दा भी उठा जिस पर बताया गया कि उक्त फ़ाइल अनुमोदन के लिए सूरजपुर कलेक्टर को प्रेषित की गई है तब से मामला लंबित रह गया है।

बैठक में नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पार्षद संजीत यादव, विनोद सरवटे, रविन्द्र विश्वकर्मा,अर्चना लकड़ा, लक्ष्मी यादव, नीलम मंडल व अन्य उपस्थित थे।

# छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट को चार्ज शीट किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ठेकेदारों से मिलीभगत कर कंपनी के नियम कायदे के विपरीत जाकर करोड़ों रुपये के फर्जी तरीके से भुगतान करने,कंपनी के नियमों की अनदेखी कर फर्जीवाड़ा करने की मामले की शिकायत कम्पनी मुख्यालय स्थित विजलेंस विभाग से की गई थी,इसके दस माह बीत जाने के बाद विजलेंस जांच में अनियमितता प्रमाणित होने व मुख्य सतर्कता अधिकारी बिलासपुर के निर्देश पर एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन ने जांच में दोषी पाए गए छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट (ओवर सीयर)को चार्ज शीट जारी कर 72 घंटे के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है,जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर सभी को विभागीय जांच का सामना करने को कहा गया।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र अनियमितता सहित बड़ी वित्तीय गड़बड़ी होने के कारण अक्सर सीबीआई और विजलेंस जांच के दायरे में रहने से सुर्खियों में रहा है,अब एक नया मामला सिविल विभाग से जुड़ा हुआ उजागर हूआ है जहां तथाकथित इंजीनियर इंचार्ज और सहायक अभियंता रिटायर्ड स्टॉफ ऑफिसर सिविल की सह पर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दे रहे थे,जिसकी शिकायत ठेकेदार द्वारा प्रमाण कंपनी के साथ संलग्न कर सतर्कता विभाग को साल के आरंभ में जनवरी में की गई थी,जिसके बाद जांच के लिए विजलेंस विभाग के अधिकारियों का लगातार बिश्रामपुर क्षेत्र का दौरा हो रहा था,हर एक शिकायत की विजलेंस टीम बारीकी से जांच कर तथ्य व सबूत जुटा रही थी,सभी कार्यों की जांच पूरा होने तथा गड़बड़ी और बोगस भुगतान करने का मामला प्रमाणित हो जाने के बाद कंपनी के सीवीओ के निर्देश पर क्षेत्रीय प्रबंधन ने सभी दोषी पाए गए छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट सिविल को आरोप पत्र सौंप कर अपना लिखित जवाब 72 घंटे के भीतर सौंपने को कहा है,सतर्कता विभाग की बड़ी कार्यवाही के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है,पहली बार एक साथ छह लोगों के पकड़ में आने व चार्जशीट जारी होने के बाद संबंधितों के मन में खलबली मची हुई है।

**इन 6 इंजीनियर असिस्टेंट को प्रबंधन ने थमाया आरोप पत्र**

क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन के द्वारा जिन कर्मचारियों को आरोप पत्र जारी किया गया है उनमें इंजीनियर असिस्टेंट फिरोज खान, जगरनाथ नंदी, सुरेश कुमार डिक्सेना, मिथलेश सिन्हा, अखिलेश सिंह, डीके सिंह के नाम शामिल हैं। इनमें से फिरोज खान और अखिलेश सिंह वर्तमान में भटगांव क्षेत्र में पदस्थ हैं जबकि जगरनाथ नंदी और सुरेश कुमार डिक्सेना बैकुंठपुर क्षेत्र जबकि मिथलेश सिन्हा बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र और डीके सिंह नगर प्रशासन कार्यालय सिविल बिश्रामपुर टीए में कार्यरत हैं। उक्त सभी ओवर सीयर जो पूर्व में लंबे समय तक बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ रहते हुए वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिए हैं। क्षेत्र के ही एक ठेकेदार द्वारा संबंधित इंजीनियर असिस्टेंटो द्वारा चुनिंदा ठेकेदारो से मिलीभगत कर व्यापक पैमाने में वित्तीय गड़बड़ी कर बोगस भुगतान की शिकायत की गई थी, करीब दस माह तक चले जांच परीक्षण के बाद सतर्कता विभाग की टीम ने जांच रिपोर्ट सीवीओ को प्रस्तुत किया जिसके बाद सीवीओ ने बिश्रामपुर जीएम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

**कई करोड़ रुपए के फर्जीवाड़ा करने के लगे आरोप**

बताया गया कि क्षेत्र के चल रहे दो से ढाई करोड़ के वर्तमान सहित पुराने एएमसी कार्य में संबंधित इंजीनियरिंग असिस्टेंट द्वारा बिना काम के ठेकदार को करोड़ो रुपये का भुगतान कर दिया गया, जिसमें लेबर सप्लाई के काम में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई है,इसी प्रकार अमेरा खदान में 20 लाख के डब्ल्यूबीएम सड़क में बिना काम के भुगतान करने से हंगामा होने व मामला उजागर होने के बाद पुनः इसी जगह पर शीघ्र ही 25 लाख का टेंडर कर कार्य करने,एकता स्टेडियम में कंपनी स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने, क्रिकेट पिच तैयार करने एवं घास लगाने के काम के बदले केवल वाइट वाशिंग कर पूरा बिल आहरण कर लिया गया, इसके अलावा अन्य कार्यों में बड़े स्तर पर फर्जी एमबी बुक बनाकर सम्बंधित ठेकेदार को भुगतान कर देने का मामला जांच में पकड़ में आया है।



## लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वन प्रबंधन समिति द्वारा ग्राम डिगनगर, ओंकारा और पतरापारा क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों को कच्चे लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समिति प्रबंधक सुरेश सोनी एवं वन धन जिला प्रबंधक बलरामपुर सौरव गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की वन धन खरीदी योजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता और साल बीज के साथ-साथ राज्य सरकार अब अन्य कच्चे लघु वनोपजों की भी खरीदी कर रही है, जिससे वनोपज विक्रेताओं को आमदनी के नए स्त्रोत प्राप्त हो रहे हैं। वर्षभर किसी न किसी प्रकार की वनोपज की पैदावार होती रहती है, इसलिए ग्रामीणों को इसके संग्रहण और प्रसंस्करण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रामीणों को हरा संग्रहण और प्रसंस्करण के विषय में प्रशिक्षण व जानकारी दी जा रही है।

## छात्र-छात्राओं को दी गई कानून संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में तालुका विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ओपी चौहान एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सतीश कुमार खाखा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।



स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ओपी. चौहान ने कहा कि कानून केवल दंड का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना का साधन है। हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। वहीं सतीश कुमार खाखा ने कहा कि विधिक साक्षरता से समाज में न्याय के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ती हैं। युवाओं को बचपन से ही कानून की मूल बातें समझनी चाहिए ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए विधि क्षेत्र के विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक राम, नक्षत्र तिवारी उपप्राचार्य, सुनील महापात्रा सहित सभी शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिलाओं की अगुवाई में नशामुक्ति की ओर बढ़े गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध शराब उन्मूलन एवं नशा विरोधी अभियान को लेकर सतत और सशक्त प्रयास जारी हैं। प्रतिदिन थाना और चौकी क्षेत्र के पुलिस अधिकारी अपने अमले के साथ गांव-गांव पहुंचकर चौपाल लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा रहे हैं तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला समितियों का गठन कर रहे हैं। इन समितियों के माध्यम से अब गांवों में नशामुक्त वातावरण तैयार हो रहा है और सामाजिक सौहार्द में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।



महिला समिति के सदस्य नशे के खिलाफ इस अभियान की प्रमुख शक्ति बन गई हैं। वे पुलिस टीमों के साथ मिलकर गांवों में निरंतर गश्त करती हैं, शराब बनाने और बेचने वालों पर पैनी नजर रखती हैं और पुलिस को हर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत देती हैं। कई स्थानों पर इन महिला समितियों ने स्वयं आगे बढ़कर अवैध शराब बनाने वाले स्थलों की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए शराब जब्त की और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। इस सक्रियता के परिणामस्वरूप अब गांवों में अवैध शराब की उपलब्धता में भारी कमी आई है। नशे के कारण होने वाले घरेलू विवाद और आपसी झगड़े में कमी आ रही है। ग्रामीणों में जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित हुई हैं, वहीं महिलाएं अपने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होकर प्रेरक उदाहरण पेश कर रही हैं।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफStyle

# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

## टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा सुनने पहुंचे जिपं अध्यक्ष

**सरसीवा।** ग्राम अमलडीहा नवागांव केडार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा श्रवण करने एवं आशीर्वाद लेने जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, सांसद प्रतिनिधि अरुण गुड्डु यादव, जगन्नाथ के सारर्णी मंडल अध्यक्ष दीपक साहू, रमेश तिवारी, चिंता साहू, साहब राम साहू, भारत राम साहू, ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा हमेशा जीत धर्म की होती है क्योंकि पांडवों के साथ श्री कृष्ण धर्म का साथ दे रहे थे और धर्म के साथ दुर्योधन कौरवों की सेना थीं।

### मैत्री नगर गेट के पास पकड़ाया 15 लीटर शराब

**पुसौर।** पुसौर पुलिस टीम ने लारा के मैत्री नगर के आगे अरविंद होटल के आस पास अरविंद सिंह चौहान पिता धनसिंह चौहान निवासी रियापाली से 15 लीटर कच्ची शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 2 हजार आंकी गई है। आरोपी अरविंद के खिलाफ धारा 34/2/59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### घरघोड़ा से तमनार तक आज निकलेगी पदयात्रा

**रायगढ़।** भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज यूनिटी मार्च निकलेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह आयोजन सरदार पटेल के योगदान, उनके दृढ़ नेतृत्व और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन जन तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास होगा। यह पदयात्रा घरघोड़ा के गायत्री मंदिर से प्रातः 9.30 बजे प्रारंभ होकर झरियापाली, देवगढ़, जरेकेला, बासनपाली होते हुए तमनार में संपन्न होगी। लगभग 12 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में प्रत्येक दो से ढाई किलोमीटर पर पड़ाव रखे गए हैं, जहाँ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा किया जाएगा।

### दिल्ली विस्फोट के बाद राउरकेला में हाई अलर्ट

**राउरकेला।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोटों के बाद देशभर में जारी सुरक्षा अलर्ट के मद्देनज़र राउरकेला पुलिस ने शहरभर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने सघन जांच अभियान और निगरानी व्यवस्था शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडए बाजार और होटलों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। वहींए प्रवेश और निकास मार्गों पर अतिरिक्त नाका प्वाइंट्स बनाकर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने रात के समय ब्लॉकिंग भी शुरू की है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नजर रखी जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कदम सावधानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और पुलिस जांच में सहयोग करें। राउरकेला पुलिस ने कहा कि शहर में शांति, सुरक्षा और जनविश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कलेक्टर भेजेंगे शासन को प्रपोजल, विभाग के अधिकारियों को दिया निर्देश

# दोस्त की जान बचाने वाले राकेश और आर्यन को मिल सकता है राज्य वीरता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खुद की जान की परवाह किए बिना दोस्त की जान बचाने वाले दों बालवीर को राज्य वीरता पुरस्कार मिल सकता है। इसके लिए कलेक्टर प्रस्ताव शासन को भेजेंगे। विभाग के अधिकारियों का प्रपोजल तैयार करने का निर्देश दिया है। यह घटना बीते 24 सितम्बर की है, जब लगातार बारिश के कारण उरांव पंडरीपानी प्राथमिक स्कूल के पास बालसमुंद नाले में पानी भर गया था। इसी दौरान खेलते खेलते 5 साल के बालक दादू मिंज नाले में गिर गया और डूबने लगा। उसी समय पास में मौजूद प्राथमिक शाला उरांव पंडरीपानी के छात्र राकेश मिंज और आर्यन खेस ने अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भय के नाले में कूदकर उसे बाहर निकाला। दोनों बच्चों ने साहस दिखाते हुए बालक को पानी से निकालकर प्राथमिक उपचार दिया, जिससे उसकी जान बच गई। इन बच्चों से मंगलवार को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भेंट किया। कलेक्टोरेट में दोनों साहसी बच्चों राकेश मिंज और आर्यन खेस से भेंट कर उनके अदम्य साहस की सराहना की। इन दोनों बच्चों ने अपने साहस और सूझबूझ से 5 वर्षीय बालक दादू मिंज को नाले के बहते पानी में डूबने से बचाकर उसकी जान बचाई थी। कलेक्टर ने दोनों बाल वीरों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा किए ऐसे साहसी बच्चे हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। कलेक्टर ने दोनों बच्चों के नाम राज्य वीरता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने तुरंत संबंधित अधिकारी को बच्चों को साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन बहादुर बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए हर संभव सहयोग करेगा।




दोनो बालवीर के कंधे पर स्नेह से हाथ रखे कलेक्टर और अधिकारियों के साथ बैठे बच्चे।

### दोनों बच्चों को मिलेगी साइकिल

मुलाकात के वक्त कलेक्टर ने दोनों बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत करते हुए जब पूछा कि उन्हें क्या चाहिए, तो उन्होंने मासूमियत से चॉकलेट की मांग की। कलेक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा कुछ और मांगों तो बच्चों ने हिचकिचाते हुए साइकिल की मांग की। कलेक्टर ने दोनों को साइकिल देने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## कोर्ट ने आरोपी को दिया 20 साल कारावास और अर्थदंड से किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



मंगलवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना- बरमकेला के अपराध में विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट में आरोपी नीलकंठ सिदार पिता पीलाबाबू सिदार भंवरपुर के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग बालिका को प्रेम करने और शादी का प्रलोभन देकर मोटर सायकल से अपने परिचित के घर ले जाकर लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया गया। जिसके संबंध में उनके परिजन के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिस पर थाना बरमकेला में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।

पीड़ित बालिका की उम्र 14 वर्ष होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आज आरोपी को भा.न्या.सं. की धारा-137 (2) के तहत 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है एवं धारा- 87 भा.न्या.सं. के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-04 (2) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा-5 (ठ)/6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु राज्य शासन से प्रतिकर भुगतान किए जाने की अनुशंसा की गई है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराधों के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी कार्यान्वयन को प्रभावित करता है।

## चार सूत्रीय मांगों का लेकर समिति कर्मचारी कर रहे आंदोलन



**कटेली।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोल न कर रहे हैं। इसके कारण धान खरीदी पर असर पड़ सकता है।

मांगों को लेकर हड़ताल करने वाले कर्मचारियों नें ज्ञापन सौंपा है। उनकी मांगों में मध्य प्रदेश की तर्ज पर प्रति वर्ष 3 लाख का प्रबंधकीय अनुदान, वेतन विसंगति और नियमितिकरण शामिल हैं। साथ ही सूखत राशि की मान्यता और सेवा नियमों में संशोधन शामिल हैए ताकि कर्मचारियों को उचित वेतनमान, पेंशन और भविष्य निधि जैसे लाभ मिल सकें। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि चार सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंनें धान खरीदी संचालित किया जाए लेकिन कर्मचारियों की वेतन जैसे मूलभूत सुविधाओं की मांग पूरा करने की मांग की। मांगों को जायज बताते हुए कहा कि जल्द निर्णय नहीं लिया तो धान खरीदी केंद्र नही और अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहने की बात कही।

### 100 बिस्तर अस्पताल स्वीकृत, अस्तित्व में अब तक नहीं आई

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया के पहल पर स्वीकृत 100 बिस्तर अस्पताल आज तक अस्तित्व में नहीं आई है। वर्तमान सरकार पर सवाल उठाते हुए पार्षद डॉ अख्तरी खान ने कहा कि वर्तमान सरकार 30 बिस्तर सहित सिविल अस्पताल परिसर में 100 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरमजयगढ़ को अस्तित्व में लाकर सुचारु संचालन करवाने में अब तक विफल रही है। जबकि चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विशेषज्ञ जैसे शिशु और बाल रोग विशेषज्ञ, प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, एनेस्थेटिक के पोस्ट के अलावा पैरामेडिकल, नॉनक्लिनिकल, पोस्ट भी स्वीकृत पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद भी अब तक न तो पदों को भरा जा सका है और न ही चिकित्सा, शल्य, रेडियोलॉजी से संबंधित उपकरण की व्यवस्था नहीं हुई।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**नवापारा छाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के आदेशानुसार 11 नवंबर को शासकीय कन्या हॉयर सेकेंडरी स्कूल धरमजयगढ़' में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया गए कि शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति ज्ञान कौशल मूल्यों और आदतों के बारे में सीखता है। और अपने जीवन में लागू करता है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने और समाज में योगदान करने में मदद करता है। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया। साइबर क्राइम मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके किया गया अपराध है। जिसमें हैकिंग, फिशिंग एपहचान की चोरी साइबर आतंकवाद, ऑनलाइन उत्पीड़न, ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध शमिल है।



### साइबर क्राइम से ऐसे करें बचाव

साइबर क्राइम से बचने के लिए मजबूत और विश्वसनीय पासवर्ड का उपयोग करें एवं समय समय पर बदलते रहे, अज्ञात लिंक, वेबसाइट या अटैचमेंट पर क्लिक न करें, अनजान ईमेल या संदेशों में अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा ना करें, मजबूत एंटीवायरस और मजबूत एंटी मैलवेयर सॉफ्टवेयर का उपयोग करें और उन्हे अपडेट रखें, उक्ताशय की जानकारी पीएलवी मौसमी शर्मा और सदानंद सिंह ने दी ।



## साइकिल पाकर स्कूली छात्राओं के खिले चेहरे

**रायगढ़।** शासकीय हाईस्कूल सिथरा में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने विद्यालय की 24 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया।

इस अवसर पर सांसद श्री राठिया ने छात्राओं को मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अध्ययन करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो ग्रामीण अंचल की बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे समाज और देश का नाम रोशन करें। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों की मांग पर सांसद श्री राठिया ने विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैण्ड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। बालिकाओं ने साइकिल प्राप्त कर सांसद का आभार व्यक्त किया और बेहतर भविष्य के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

### पुलिस ने किया मवेशी चोरी का खुलासा, चोर गिरफ्तार

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा पुलिस ने मवेशी चोरी के आरोपी को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने बकरी चोरी करने की बात स्वीकार की है। ग्राम अमलीडीह निवासी किसान किशन राठिया पिता स्व. आत्माराम राठिया 24 ने घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके पास 25 बकरी-बकरा हैं। जिन्हें वह अपने घर में बांधकर रखता है। 2 नवंबर की उसने सभी मवेशियों को बांधा था। अगले दिन 03 नवंबर की सुबह जब वह देखने गया तो 3 बकरी और एक बकरा गायब हैं। तीनों की कीमत 40 हजार आंकी गई। अज्ञात चोर ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और मवेशियों को चुरा ले गया। रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपी की पहचान रायगढ़ शहर निवासी मोह नावेद अली पिता मोह मतीम अली 29 निवासी वार्ड क्रमांक 10, चांदमारी पॉवर हाउस के रूप में की। पुलिस ने आरोपी को रायगढ़ से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया।



## शराब के लिए रुपए नहीं देने पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस ने मारपीट और लूट की नीयत से की गई वारदात के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। मामले की शुरुआत सोमवार को तब हुई जब ग्राम कलमी तेंदुडीपा निवासी तनीष चौहान पिता ऋषि कुमार चौहान 19 वर्ष ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसी दिन सुबह से ही मोहल्ले का युवक अजय यादव शराब पीने के लिए उससे पैसे की मांग कर रहा था। जब उसने पैसे देने से इंकार कियाए तो रात करीब 9 बजे खाना खाकर घर के बाहर टहलते समय अजय यादव फिर पहुंचा और दोबारा शराब के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और अपने दाहिने हाथ में पहने कड़े से तनीष के माथे व सिर के पीछे वार किया। झगड़े के दौरान आरोपी ने तनीष की जेब में रखे 500 रुपए जबरदस्ती निकाल लिए और मौके से फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतरारोड़ पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कलमी तेंदुडीपा में दबिश दी और आरोपी अजय यादव पिता यादव प्रसाद यादव 22 वर्ष निवासी ग्राम कलमी तेंदुडीपा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
फरसाबहार, जिला-जशपुर, (छ.ग.)
राजस्व प्रकरण क्रमांक //अ-2/25-26
ग्राम हाथीबेड़ तहसील फरसाबहार
अभिषेक मित्तल पिता राजेश मित्तल उम्र 26 जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम कोतबा तहसील फरसाबाहर जिला जशपुर, (छ.ग.) ...आवेदक
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन ........अनावेदक
-:: उद्घोषणा ::-
एतद् द्वारा ग्राम हाथीबेड़ प.ह.न. 24 तहसील फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण की अपनी भूमि पर औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु डायवर्सन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है, और सुनवाई हेतु तारीख 21.11.2025 के लिए नियत है तहसील 1 फरसाबहार / तपकरा, प.ह.न. 2, 24, ग्राम का नाम 3 हाथीबेड़ भूमि का विवरण ख.न. 4, 5/4 रकबा 5, 0.445 हे. लगान 6, 0.00 पैसा, प्रयोजन 7 औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु रिमार्क 8 -
अतः उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तारीख 21.11.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं।
उक्त नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 07.11.2025 को जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
फरसाबहार, जिला- जशपुर (छ.ग.)

### चलित थाना लगाकर दे रहे लोगों को समझाइश

# नावापारा में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर थाना क्षेत्र के 120 ग्रामों में पुसौर पुलिस द्वारा बीते कई महीनों से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शराब निर्माता, अवैध बिक्री और सरकारी शराब को ब्लैक करने वालों की पतासाजी की जा रही है। साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

क्षेत्र के टपरदा, बुनगा, लारा, बडे भंडार सहित दर्जनों गांवों में जनप्रतिनिधियों व आम जनता की उपस्थिति में चलित थाना लगाया गया। वहां अवैध शराब से जुड़े लोगों को बुलाकर समझाइस दी जा रही है। अब तक जहां जहां यह अभियान चलाया गया वहां से अब शराब निर्माण व बिक्री का मामला सामने नहीं आ रहा है। जानकारी के मुताविक क्षेत्र के नवापारा अ में जनप्रतिनिधियों की यह शिकायत रही कि उनके यहां महुआ शराब निर्माण कर बिक्री की जा रही है। जिससे कम उम्र के युवा इसके आदि हो चुके हैं। जिससे उनके स्वास्थ्य के साथ साथ उनकी माली हालत भी बिगड़ चुकी है। पुसौर पुलिस ने वहां नशे के खिलाफ अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में वहां के सरपंच सीमा साहू, पूर्व सरपंच महादेव चौहान सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान टीआई ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी स्थिति में उपयोग में नहीं लाया जाना चाहिए और खास कर युवाओं को अपने कॅरियर में ध्यान देना चाहिए। उन्होंने चल रहे साइबर क्राइम का भी हवाला देकर कहा कि कोई भी गंभीर वित्तीय जानकारी किसी से शेयर न करें। किसी अनजान मोबाइल नंबर के फोन कॉल अटेंड न करें। ऐसा करने पर आपका एकाउंट खाली भी हो सकता है। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपेयी व पदाधिकारी मनोरंजन साहू समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।







